## सार-समाचार

### प्लाज्मा आधारित विज्ञान को समझा

**उदयपुर,** (कासं)। गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज उदयपुर (गिट्स) एवं इंस्टिट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च अहमदाबाद के संयुक्त तत्वाधान में गिट्स प्रांगण में 5 दिवसीय प्लाज्मा प्रदर्शनी देखकर विभिन्न स्कूलों से पधारें छात्र-छात्राएं भाव-विभोर हो उठे। यह प्रदर्शनी 15 से 19 अप्रेल तक आयोजित की जायेगी। संस्थान निदेशक डॉ. एन.एस. राठौड ने बताया कि प्लाज्मा प्रदर्शनी में विभिन्न स्कूलों के लगभग 1 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने प्लाज्मा प्रदर्शनी में भाग लेकर प्लाज्मा आधारित विज्ञान को समझा और इंस्टिट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च अहमदाबाद से पधारे 7 वैज्ञानिकों के साथ सम्वाद स्थापित किया। इस संवाद में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्लाज्मा के विभिन्न अनुप्रयोगों जैसे लाइटिंग डिस्चार्ज, स्पेस टेक्नोलॉजी, सेमी कन्डक्टर, इलेक्ट्रिक सिटी जनरेशन सरफेस मॉडिफिकेशन, सुपर कन्डक्टर, कम्प्यूटर चिप्स को बनाने की विधि का प्रेक्टिकल अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर 100 से ज्यादा विज्ञान के अध्यापकों व स्कूल प्रिंसीपल के साथ संगोष्ठी की गई। संगोष्ठी का उद्देश्य स्कूल स्तर पर चल रहे पाठ्यक्रमों में प्लाज्मा व अनुप्रयोगों से विद्यार्थियों को लाभान्वित करना था। प्रदर्शनी में पधारे प्रमुख स्कूल एम.डी.एस. उदयपुर, द स्टडी उदयपुर, सेन्ट पेट्रिक स्कूल उदयपुर, जवाहर लाल नेहरू नवोदय विद्यालय, मावली, सेन्ट मेथ्यु स्कूल उदयपुर, राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल डबोक, श्रीमन नारायण उच्च माध्यमिक स्कूल डबोक, ऐपेक्स केरियर पोइंट स्कूल प्रमुख हैं। साथ ही डबोक वासियों ने भी इस प्रदर्शनी का लाभ उठाया।

### रामनवमी पर निकलेगी शोभायात्रा

**उदयपुर,** (कासं)।श्रीराम सेना व श्रीराम बजरंगदल मेवाड की सोमवार को संयुक्त बैठक हुई। श्रीराम सेना के उदियापोल स्थित जिला कार्यालय पर हुई बैठक मैं सभी पदाधिकारियों ने रामनवमी पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा पर चर्चा की ओर इसे भव्य बनाने का संकल्प लिया। श्रीराम सेना प्रमुख व संस्थापक गजेंद्र सिंह राठौड के अनुसार श्री राम बजरंगदल मेवाड के संस्थापक ख्यालीलाल रजक के संयुक्त तत्वाधान में रामनवमी के उपलक्ष्य में टॉउन हॉल से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा बापूबाजार,सूरजपोल, झीणी रेत,मण्डी, सन्तोषी माता का मन्दिर,चौखला बाजार,बडा बाजार, घण्टाघर, हाथीपोल,अश्विनी बाजार, देहलीगेट हो हुए पुनः टाउनहॉल पहुंचेगी ओर इसका यहीं पर समापन होगा। शोभायात्रा में अखाडा,प्रदर्शन डीजे,दुपहिया,चौपहिया वाहनों के साथ प्रभु श्रीराम की झांकियों को शामिल किया जाएगा। शोभायात्रा में बिछडी, देबारी, गोवर्धन विलास,काली मगरी, भुवाणा,महाराज का अखाडा व वल्लभनगर ईकाई के सभी सदस्य टाउन हॉल में इकट्ठा होने के बाद शोभायात्रा में शामिल होगें। बैठक में श्रीराम बजरंगदल मेवाड के महानगर अध्यक्ष देवीसिंह, संगीता अरोडा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### कार्मिकों को नोटिस जारी

**उदयपुर,** (कासं)। मतदान दलों के पीठासीन व मतदान अधिकारियों के द्वितीय प्रशिक्षण माणिक्य लाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय एवं राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुरू हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार पोसवाल के निर्देशानुसार दोनो प्रशिक्षण केन्द्रों का निरीक्षण प्रभारी अधिकारी, कार्मिक प्रकोष्ठ कीर्ति राठौड एवं सहायक प्रभारी अधिकारी डॉ. मजहर हुसैन एवं चन्द्रवीर सिंह चौहान ने किया। प्रभारी अधिकारी कीर्ति राठौड ने बताया कि प्रशिक्षण में विलंब से उपस्थित हुए 15 कार्मिको को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है। उन्होने बताया कि आगे भी प्रशिक्षणो में अनुपस्थित रहने पर कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के अन्तर्गत कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जाएगी।

### अरबन स्क्वायर मॉल में मॉकड्रिल

**उदयपुर,** (कासं)। राष्ट्रीय अग्निशमन सप्ताह 2024 के दूसरे दिन शहर के अरबन स्क्वायर मॉल में अग्निरोक्थाम एवं अग्निबचाव के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी ने बताया कि सहायक अग्निशमन अधिकारी नवदीप सिंह बग्गा, दिनेश मेघवाल, कैलाश, विजेंद्र, संजय माली, पूरीलाल, राकेश व होमगार्ड जवान टीम द्वारा की गई इस मॉकड्रिल में मॉल के सिक्योरिटी ऑफिसर, समस्त दुकानदार, हाउस कीपिंग स्टॉफ, टेक्निकल टीम इंजीनियर्स एवं मॉल में आए शहरवासियों को आधुनिक अग्निशमन उपकरणों द्वारा लाइव फ़ायरफ़ाइटिंग व रेस्क्यू के विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी।

### मतदान के लिए किया जागरूक

**उदयपुर,** (कासं)। निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत पशुपालन विभाग उदयपुर द्वारा आयड स्थित सनबीम विद्यालय में रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया। पशुपालन विभाग उदयपुर के संयुक्त निदेशक डॉ. शरद अरोड़ा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए आमजन को लोकतंत्र के प्रति अपना दायित्व निभाने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर संस्थान के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी, डॉ. सुरेश जैन, डॉ. शानी राय, डॉ. पी. मनोगना, नगीना शर्मा, स्वीप प्रतिनिधि दिग्विजय सिंह, बीएलओ आदि उपस्थित रहे।

### मत पत्र प्रकोष्ठ का निरीक्षण

**उदयपुर,** (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने सोमवार शाम को मत पत्र प्रकोष्ठ का औचक निरीक्षण किया। पोसवाल सोमवार शाम को कलक्ट्रेट परिसर में संचालित मत पत्र प्रकोष्ठ में पहुंचे। वहां उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। सेल में कार्यरत कार्मिकों से अब तक की प्रगति की जानकारी ली। प्रभारी अधिकारी को सभी कार्य समयबद्ध रूप से संपादित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम सिटी व उदयपुर एआरओ राजीव द्विवेदी सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### गायों को चारा खिलाया

**उदयपुर,** (कासं)। महावीर सेवा संस्थान, फतहपुरा द्वारा सात दिवसीय महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का दूसरा दिन जीव दया के रूप में मनाया गया। संस्थान प्रवक्ता प्रशांत भंडारी ने बताया कि महिला प्रकोष्ठ के संयोजन में जीव दया कार्यक्रम में गायों को गुड, चना, रोटी, चारा आदि खिलाया गया। तीसर दिन मंगलवार को मानव सेवा के तहत सायफन चौराहा पर भोजन वितरित किया जाएगा।

# वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांगजनों को घर बैठे मिली मतदान की सुविधा

- मतदान दलों ने दुर्गम स्थलों पर पहुंच कर कराया मतदान
- 21 अप्रैल तक चलेगा पहला चरण



गोगुन्दा क्षेत्र के उखलियात में जंगल व पथरीले रास्ते से गुजरता मतदान दल।

**उदयपुर,** (कासं)। उबड़ खाबड़ पथरीली राहें, बियाबान जंगल और नदी-नाले भी कर्तव्य पथ पर चढ़ चले कदमों को नहीं रोक पाए। दुर्गम स्थलों की तमाम मुश्किलों को पार कर मतदान कर्मी चिन्हित बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंचे और उन्हें लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में सहभागिता का अवसर उपलब्ध कराया। अवसर था लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रही होम वोटिंग का। उदयपुर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में मतदान दल आयोग की मंशा को साकार करने में पूरे मनोयोग के साथ जुटे हुए हैं।

लोकसभा आम चुनाव-2024 में जन-जन की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग कृतसंकल्पित है। 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक तथा 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले दिव्यांगजनों को घर बैठे मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए होम वोटिंग शुरू की गई है। उदयपुर संसदीय क्षेत्र के गोगुन्दा, झाडोल, खेरवाड़ा, उदयपुर ग्रामीण, उदयपुर, सलूम्बर, डूंगरपुर जिले के आसपुर तथा प्रतापगढ़ जिले के धरियावाद तथा चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र में शामिल मावली और वल्लभनगर क्षेत्र में रविवार से होम वोटिंग का प्रथम चरण शुरू हुआ। उदयपुर संसदीय क्षेत्र में कुल 3152 वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजनों ने होम वोटिंग का विकल्प चुना है। इनसे मतदान कराने के लिए 70 टीमें आवंटित विधानसभा क्षेत्रों में कार्यरत हैं। गोगुन्दा विधानसभा के उखलियात क्षेत्र में दल संख्या 4 के पीठासीन अधिकारी प्रताप सिंह चूण्डावत अपने दल एमओ जीवन सिंह राव, देवीलाल एवं बीएलओ राजाराम गरासिया के साथ गर्मी में जंगल के बीच पथरीली सडक से होते हुए करीब 5 किलोमीटर पैदल चल कर 91 वर्षीय राजी बाइ के घर पहुंचे और पूर्ण गोपनीयता के साथ राजी बाइ को मताधिकार का अवसर प्रदान किया। चुनाव आयोग के प्रयासों से इस बार लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में भागीदारी निभाने की खुशी राजी बाइ के चेहरे से झलक रही थी। राजी बाइ ने प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार झाडोल क्षेत्र में मतदान दल क्रमांक 6 पहाडी क्षेत्र में करीब एक किलोमीटर तक पैदल चढ़ाई कर दिव्यांग मतदाता अनाडू के घर पहुंचा और उससे मतदान कराया। सुराणा ने बताया कि होम वोटिंग का पहला चरण 21 अप्रैल तक चलेगा।

## सार-समाचार

### घायल दूसरे युवक की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। जिले के माण्डवा थाना क्षेत्र में ट्रेक्टर से टकराने पर घायल बाइक सवार दूसरे युवक की भी मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार माण्डवा थाना क्षेत्र दाडमिया रोड़ पर 13 अप्रेल को बाइक ट्रेक्टर ट्रोली से जा टकराई। हादसे में गंभीर घायल सुरेश कुमार पुत्र रावता निवासी भियाटा माण्डवा तथा हरदार (17) पुत्र लखमा निवासी भियाड़ा गंभीर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर दोनों को उपचार के लिए कोटडा चिकित्सालय पहुंचाया। जहां सुरेश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इधर गंभीर घायल हरदार को परिजन गुजरात लेगए। जहां 15 अप्रेल को उसकी भी मौत होने पर परिजन शव गांव लेकर पहुंचे। इसकी सूचना मिलने पर एएसआई शांतिलाल ने मृतक का कोटड़ा चिकित्सालय से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दियां घटना के समय बाइक कोटड़ा से जुडा की तरफ जा रही थी एवं ट्रेक्टर जुडा से कोटड़ा जारहा था। जहां बीच रास्ते बाइक ट्रेक्टर ट्रोली से टकराने पर दोनों गंभीर घायल हो गए थे।

### अलग-अलग हादसों में दो की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। टीडी थाना क्षेत्र उदयपुर-अहमदाबाद हाइवे पर अनियंत्रित बस ट्रेलर से जा टकराई। हादसे में घायल बस चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार अलसुबह टीडी थाना क्षेत्र पाटिया के समीप अनियंत्रित बस रोड नीचे उतरने के बाद खड़े ट्रेलर से जा टकराई। हादसे में बस चालक सोनू पुत्र रामवरणसिंह निवासी अटेर भिण्ड एमपी गंभीर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां उसकी मौत हो गई। सोनू मां वैष्णो ट्रावेल्स भीण्डर की बस लेकर अहमदाबाद जा रहा था, जहां बीच रास्ते पाटिया के समीप हादसा हो गया। एएसआई अमरसिंह ने मौके पर पहुंच मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। ऋषभदेव थाना क्षेत्र हाइवे पर दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई तथा एक युवक घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सांय ऋषभदेव थाना क्षेत्र कागदर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर दो बाइकों की भिड़ंत में मसारों की आवेरी निवासी मुकेश (25) पुत्र पाथूलाल मीणा व भाउवा निवासी देवीलाल (24) पुत्र भेरा गंभीर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां मुकेश की मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेड कांस्टैबल विनोद कुमार ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मुकेश अपनी बाइक लेकर कानूवाडा से मसरों की ओवरी की तरफ जा रहा था एवं देवीलाल कागदर से भाउवा की तरफ जा रहा था, जहां बीच रास्ते हादसा हो गया।

### जीप पलटी, छह यात्री घायल

**उदयपुर,** (निसं)। माण्डवा थाना क्षेत्र में अनियंत्रित जीप पलटने से छह यात्री घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर में जिले के माण्डवा थाना क्षेत्र में टीलरवा रोड पर अनियंत्रित जीप पलट गई। हादसे में छह यात्री घायल हो गए। इधर सूचना मिलने पर माण्डवा थानाधिकारी प्रवीणसिंह मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर सभी घायलों को बाहर निकाल कोटडा चिकित्सालय पहुंचाया।जीप सामोली से टीलरवा की तरफ जा रही थी। जहां बीच रास्ते पलट गई।

### सिक्के व सामान चोरी

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में अज्ञात चोर मकान में घुस कर चांदी के सिक्के व सामान चुरा ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरजपोल थाना क्षेत्र अग्रसेन नगर निवासी कृष्ण कुमार अठावाल पुत्र यशवंत लाल अठावाल के मकान में घुस कर चोर चांदी के 5-7 सिक्के तथा चांदी के 2 गिलास व अन्य सामान चुरा ले गया। रात में सभी मकान में सोए थे। इस दौरान खिडकी की ठील तोड़ चोर अंदर घुसे व वारदात कर फरार हो गए। दूसरे दिन जाग होने पर वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

### फरार अपचारी आरोपी डिटेन

**उदयपुर,** (निसं)।कोटड़ा थाना पुलिस ने डकैती मामले में फरार विधी से संघर्षरत बाल अपचारी का डिटेन किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठौड़ के सुपरविजन में कोटड़ा थानाधिकारी अशोक सिंह चंपावत के नेतृत्व में गठित दल ने तलाशी अभियान के दौरान थाने के प्रकरण संख्या 45 /2023 आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम एवं डकैती मामले में फरार विधी से संघर्षरत बाल अपचारी को डिटेन कर बाल सम्प्रेषण गृह भिजवाया।

## विश्व कला दिवस मनाया

**उदयपुर,** (कासं)। भूपाल नोबल्स पीजी महाविद्यालय में संचालित दृश्य कला विभाग द्वारा विश्व कला दिवस मनाया गया। इस दिन को इटली के महान चित्रकार और बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी लियोनार्दो दा विंची के जयंती दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मीरा कन्या महाविद्यालय के प्रो.कुलदीप सिंह गौड ने कलाकृतियों की सराहना की। बी एन महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. रेणु राठौड ने बताया कि दृश्य कला विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ कंचन राणावत के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन करते हुए चित्रकार विंची के पोट्रेट और उनकी पेंटिंग्स तैयार की गई है, इसी के साथ और भी बहुत सी पेंटिंग्स बनाई गई । इस अवसर पर सह अधिष्ठाता डॉ. रितु तोमर, डॉ. संगीता राठौड, डॉ. मनीषा शेखावत आदि मौजूद रहे । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं में दीपक सालवी, शिव प्रताप सिंह नाथावत, दिनेश वागरिया, जयप्रकाश मीणा, जितेंद्र पांचाल, ईश्वर नायक, सूरजमल जाट, सुयश शर्मा, मनीष पुरी, पीयूष व्यास आदि थे।

# महिला हैंडबॉल चैम्पियनशिप का समापन आज



प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

**उदयपुर,** (कासं)।जर्नादनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि की मेजबानी में भूपाल नोबल्स विवि के खेल मैदान पर आयोजित पांच दिवसीय ऑल इंडिया इंटर जोनल महिला हैंडबॉल चैम्पियनशिप 2023-24 के चौथे दिन के खेल का शुभारंभ कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, दिलीप सिंह बांसी, नवल सिंह जुड़, गजेन्द्र सिंह शक्तावत, महेन्द्र सिंह पाटया, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, प्रो. गजेन्द्र माथुर, प्रो. आईजे माथुर, डॉ. कला मुणेत, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. मंजु मांडोत, डॉ. भूपेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. गजेन्द्र सिंह, प्रो. ए.एस. जोधा, डॉ. दिलीप सिंह चौहान, डॉ. जोगेन्द्र सिंह, डॉ दिलिप सिंह, डॉ. ओम सिंह, डॉ. हितेश रावल, डॉ. संतोष लाम्बा, डॉ. रोहित कुमावत ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया।

प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि कडे. मुकाबले में मेजबान राजस्थान विद्यापीठ की टीम ने चौधरी बंशीलाल विवि भिवानी को 07 गोल से, राजस्थान विवि जयपुर ने गुरूनानक देव विवि अमृतसर को 06 गोल से हरा अंतिम चार में अपनी जगह बनाई। आयोजन सचिव डॉ. दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि मंगलवार को मेजबान राजस्थान विद्यापीठ एवं राजस्थान विवि जयपुर के बीच स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला खेला जायेगा वही दूसरी ओर चौधरी बंशीलाल विवि भिवानी एवं गुरूनानक देव विवि अमृतसर की टीमों के बीच कास्य पदक के लिए मुकाबले खेले जायेंगे। प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को भूपाल नोबल्स विवि के खेल मैदान पर आयोजित किया जायेगा जिसके मुख्य अतिथि एमपीयूटी विवि के कुलपति प्रो. अजित कुमार कर्नाटक, विशिष्ठ अतिथि कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, राजेन्द्र सिंह ताणा होंगे जबकि अध्यक्षता कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत होंगे।

# लेकसिटी में छाए बादलों ने दिलवाई गर्मी से राहत

**उदयपुर,** (कासं)। लेकसिटी में सोमवार को दोपहर बाद बादल आने से मौसम में हल्की सी ठंडक महसूस की गई। हांलाकि इससे पहले रविवार को कुछ देर के लिए धूप निकली तो कुछ समय के लिए बादलों की आवाजाही रही लेकिन दोपहर बाद बादल होने से सोमवार को भीषण गर्मी से कुछ समय के लिए जरूर राहत मिली।

बादलों के कारण अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट और न्यूनतम तापमान में हल्की बढोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार 17 अप्रेल तक उदयपुर में बादल छाए रहेंगे ओर कुछ जगहों पर हल्की बारिश भी हो सकती हैं।उदयपुर में पिछले कुछ दिनो से मौसम में लगातार होने से कुछ समय से गर्मी ने बेहाल कर रखा है। रविवार की सुबह बादल होने के बाद दोपहर में जिले के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश भी हुई लेकिन सोमवार सुबह धूप खिली। दोपहर बाद आसमान में बादलों का डेरा लग गया। लगातार धूप-छांव की लुकाछिपी जारी है। सोमवार को अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 3 दिन तक अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज हो सकती है। लेकसिटी में 16 ओर 17 अप्रेल को बादल छाए रहेंगे। इसकी वजह से हल्की बारिश होने की संभावना है। कृषि विभाग ने भी किसानो को अपनी फसल सुरक्षित स्थान पर रखने की सलाह दी है वही कृषि मंडियों को भी फसलो और जिंसो को खुले में न रखने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 3 दिन तक अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज हो सकती है।

## अनुसंधान परिषद की बैठक

**उदयपुर,** (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि, उदयपुर की अनुसंधान परिषद की बीसवीं बैठक सोमवार को अनुसंधान निदेशालय में विवि के कुलपति डॉ. अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

एमपीयूएटी के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि हमारा विवि कृषि अनुसंधान में अग्रणी है। हमारे संस्थान ने मक्का, मूंगफली एवं अफीम की उन्नत नई किस्मों का विकास के साथ गुणवश्रा अनुसंधान प्रपत्रों, 37 पेटेन्टस, वैज्ञानिकों ने 14 व्यक्तिगत सम्मान एवं 2 परियोजनाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने के साथ एवं विभिन्न संस्थानों से समझौता हस्ताक्षर किये। कुलपति ने वैज्ञानिकों को अपने अनुसंधान कार्य को समय व स्टेक हॉल्डर की आवश्यकतानुसार सृजित करने को कहा जिससे समाज के हर तबके जैसे कि उत्पादक, विपणनकर्श्रा एवं उपभोक्ताओं को हमारे अनुसंधान लाभ प्राप्त हो सके। कुलपति ने बैठक विशेष आमंत्रित विशेषज्ञ डॉ. एस. के. शर्मा, सहायक महानिदेशक (मानव संसाधन) भा.कृ.अ.प., नई दिल्ली एवं डॉ. प्रभात कुमार, उद्यानिकी आयुक्त, भारत सरकार, नई दिल्ली का स्वागत किया।इस अवसर पर डॉ. एस. के. शर्मा, सहायक महानिदेशक (मानव संसाधन) भा.कृ.अ.प.,नई दिल्ली ने कहा कि विवि को अपने अन्तर्गत क्षेत्र के विशिष्ट कृषि उत्पादों के विकास व मूल्य संवर्धन पर विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है।

**कार्यालय नगर परिषद, राजसमंद, जिला-राजसमंद**

क्रमांक : नपरा/राजस्व/2024-25/1799

दिनांक : 15/4/2024

**आपत्ति सूचना पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मधूबाला पत्नी श्री अरूण श्रीमाली निवासी पुनावली राजसमंद मो. 6378658428 द्वारा पैतृक/ खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय/ वाणिज्यक पट्टेशुदा भूखंड/ मकान जो स्थान धोइंदा, राजसमंद में स्थित है जिसका भूखंड संख्या 5 व 6 क्षेत्रफल 138.88 वर्गगज है, जिसका नामान्तरण अपने नाम करवाना चाहते है, जिसके पड़ौस निम्नानुसार हैः-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पूर्व | - | 25' | पड़ौस | - | अन्य आराजी भूमि |
| पश्चमि | - | 25' | पड़ौस | - | रास्ता 30 फीट चौड़ा |
| उत्तर | - | 50' | पड़ौस | - | भूखंड सं. 05 का शेष भाग |
| दक्षिण | - | 50' | पड़ौस | - | भूखंड सं. 06 का शेष भाग |

उपरोक्त आवेदित भूखंड/भवन का नामान्तरण जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त

नगर परिषद, राजसमंद

# कार्मिकों ने प्रशिक्षण स्थल पर डाक मतपत्र से किया मतदान



पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण देते दक्ष प्रशिक्षक।

**उदयपुर,**(करसं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर गठित मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण सोमवार से जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महा विद्यालय तथा राजकीय फतह उ.मा.वि परिसर में प्रारंभ हुआ। प्रशिाण के पहले दिन मतदान दल क्रमांक 1 से 1500 तक में शामिल पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम को अलग-अलग बैच में प्रशिक्षण दिया

प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी जितेंद्र ओझा व राज्य स्तरीय मास्टरट्रेनर डॉ महामायाप्रसाद चौबीसा व डॉ मजहर हुसैन के मार्गदर्शन में दक्ष प्रशिक्षकों ने पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारी प्रथम को उनके दायित्व समझाए। इसमें मतदान दिवस पर बूथ पर पहुंच कर की जाने वाले व्यवस्थाओं, मतदान दिवस पर सुबह मॉक पोल एवं मूल मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, निर्वाचन प्रपत्रों का इंद्राज तथा समय-समय पर वांछित सूचनाएं सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को उपलब्ध कराने आदि की जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेन्द्र सिंह राठौड, कार्मिक प्रकोष्ठ प्रभारी जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़ आदि ने प्रशिक्षण स्थलों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रशिक्षण 16 अप्रैल को जारी रहेगा। इसमें क्रमांक 1501 से आगे के मतदान दलों में शामिल पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम भाग लेंगे।

प्रशिक्षण स्थल श्रमजीवी महाविद्यालय व फतह स्कूल परिसर में 12-12 सुविधा केंद्र भी स्थापित किए गए। इनमें मतदान दलों में शामिल कार्मिकों ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसके लिए 8 विधानसभा क्षेत्रों के लिए पृथक-पृथक सुविधा केंद्र तथा अन्य जिलों के लिए 4 केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## ऑनलाइन सत्र का आयोजन

**उदयपुर,** (कासं)। पेसिफिक इंस्टीट्यूट आफ फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट तथा गुरुकुल पेसिफिक द्वारा डिजास्टर मैनेजमेंट विषय पर ऑनलाइन सत्र का आयोजन हुआ।

पाहेर विवि के पेसिफिक इंस्टीट्यूट आफ फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट तथा गुरुकुल पेसिफिक द्वारा डिजास्टर मैनेजमेंट विषय पर ऑनलाइन सत्र आयोजित हुआ । प्रो. हेमन्त कोठारी, डीन पी.जी स्टडिज, पाहेर विवि ने बताया कि इस सत्र के वक्ता श्री अमित शर्मा डिप्टी कंट्रोलर, सिविल डिफेंस, जयपुर राजस्थान तथा विक्टर सतीश डिप्टी जनरल मैनेजर सिक्योरिटी एंड फायर ऑपरेशन, एसएएनएमआर, त्रिची, तमिलनाडु थे। अमित शर्मा ने डिजास्टर मैनेजमेंट के महत्व तथा इसके वर्गीकरण के बारे में बताया।

विक्टर सतीश ने फायर एंड डिजास्टर मैनेजमेंट के बारे में जानकारी दी और हमेशा उसके लिए तैयार रहने के लिए बताया। उन्होंने डिजास्टर मैनेजमेंट साइकिल के बारे में विस्तार से बताया जिसमें प्रीवेंशन, प्रिपेयरडनेस, रिस्पांस तथा रिकवरी को किस प्रकार करना चाहिए उसकी विस्तार से जानकारी दी।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहितओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वग्रीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 63414730 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. हरीश कुमार यादव<br>2. सुनीता यादव | 30.03.2024 | 3,32,154.91/- | पट्टा नं.7552, क्षेत्रफल 377 वर्ग फिट, ग्राम थनेरिया, ग्राम पंचायत थनेरिया, पंचायत समिति रेल मगरा, जिला-राजसमन्द, राजस्थान-313206 का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमायें है- पूर्व-श्री जगदीश मंडोवरा की अराजी, पश्चिम-आम रास्ता, उत्तर-पंचायती नोहरा, दक्षिण-श्री दिनेश शंकर का मकान |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-

दिनांक- 16.04.2024

स्थान- राजसमंद

प्राधिकृत अधिकारी

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)